# यूपी-112 112 की जन-जागरूकता मुहिम- नुक्कड़ नाटक के जरिए आमजन को आपात सेवाओं से जोड़ा

**»सद्भावना का प्रतीक**



श्रावस्ती।पुलिस महानिदेशक यूपी–112 श्रीमती नीरा रावत के निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती राहुल भाटी के मार्गदर्शन और अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम (नोडल अधिकारी डायल 112) के पर्यवेक्षण में यूपी–112 मुख्यालय लखनऊ से आई नुक्कड़ नाटक टीम एवं जनपदीय डायल 112 की संयुक्त टीम द्वारा आज दिनांक 26/12/2025 को जनपद में व्यापक जन–जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत थाना कोतवाली भिनगा क्षेत्र के दहाना तिराहा, थाना मल्हीपुर के कस्बा बीरगंज तथा थाना हरदत्तनगर गिरन्ट क्षेत्र के कस्बा बदला चौराहा पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर आमजन को किसी भी आपात स्थिति में यूपी–112 डायल करने के लिए जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक, एलईडी वैन पर प्रदर्शित संदेशों एवं प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से डायल 112 सेवा की उपयोगिता समझाई गई तथा सहभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

फ्रजन–जागरूकता की बात, जन–जन के साथफ्र थीम पर संचालित इस अभियान में नागरिकों को आपात परिस्थितियों में त्वरित पुलिस सहायता, महिला सुरक्षा, बुजुर्गों के लिए विशेष सेवाएं, नाइट एस्कॉर्ट सेवा तथा कॉल रिस्पॉन्स सिस्टम की जानकारी सरल भाषा में दी गई। महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए उदाहरणों के माध्यम से बताया गया कि 112 पर कॉल करने पर पुलिस सहायता किस प्रकार शीघ्र मौके पर पहुंचती है।कार्यक्रम में यूपी–112 के प्रभारी निरीक्षक श्री रामनवल यादव, आरक्षी प्रिंस कुमार यादव एवं आरक्षी विजय यादव ने सक्रिय सहभागिता निभाई। अभियान का उद्देश्य लोगों तक सीधे जानकारी पहुंचाकर सुरक्षा सेवाओं पर भरोसा मजबूत करना रहा, जो प्रदेशभर में निरंतर संचालित किया जा रहा